an>

Title: Regarding disparaging remarks made by BJP State Vice-President, U.P. against BSP Leader.

श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया (गुना) : अध्यक्ष महोदया, पिछले दो वर्ष में इस सरकार के कार्यकाल में इतनी घटनाएं दलितों के विरुद्ध इस देश में हो रही हैं, चाहे हरियाणा हो, गुजरात हो, ऊना में हो, चाहे रोहित वेमुल्ला का मामला हो या मुंबई का मामला हो। नारी को इस देश में पूजनीय स्थान है भगवान सरस्वती, भगवान दुर्गा का पूजनीय स्थान है, उसकी मान्यता को देश के हर नागरिक को रखने का दायित्व होना चाहिए, लेकिन जब सरकार के जिम्मेदार लोग गैर-जिम्मेदार टिप्पणी करते हैं और उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई न हो तो इससे बड़ी बुरी बात इस देश के अंदर नहीं हो सकती। दयानंद सिंह जी ने उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष हैं, मायावती जी के विरुद्ध जिन शब्दों का प्रयोग किया है ...(व्यवधान) मायावती जी उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रही हैं। वे संसद में सांसद हैं उनके विरुद्ध जिन शब्दों का प्रयोग हुआ है उसका मैं वाचन नहीं कर सकता हूं। उनके विरुद्ध केवल निंदा और बर्खास्ती नहीं बल्कि उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए तभी हम कह पाएंगे कि दलितों को न्याय मिल पाया है। बाबा साहब अम्बेडकर का संकल्प लेकर यह सरकार चल रही है वास्तव में यह सरकार दलित मुक्त भारत चाहती है।

उस शख्स के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि इस देश में दलितों को न्याय मिल सके। मैं सरकार से मांग करता हूं और मंत्री जी से भी मांग करता हूं ...(व्यवधान) इसका जवाब हम चाहते हैं। इस हाऊस से रिज्यूलोशन पास होना चाहिए कि ऐसी टिप्पणियों के विरुद्ध सरकार द्वारा कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

माननीय अध्यक्ष :

एडवोकेट जोएस जॉर्ज,

श्री एन.के.प्रेमचन्द्रन,

श्री डी.के.सुरेश और

श्री राजेश रंजन को श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

रसायन और उर्वरक मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री अनन्तकुमार): अध्यक्ष महोदया, कुमारी मायावती जी के खिलाफ जो टिप्पणी हुई है उसकी हमने घोर निंदा की है और उस बारे में दूसरे सदन में भी हमने खेद प्रकट किया है। जिन्होंने टिप्पणी की है, हम उसके बारे में कार्रवाई की कर चुके हैं और बाकी वहां का कानून प्रशासन देखेगा। मेरा मानना है कि जो सार्वजनिक डिस्कोर्स होता है, डिबेट होता है, संवाद होता है वह इतना नीचे स्तर में नहीं जाना चाहिए। उसे हम सभी को मिलकर ठीक रखने की कोशिश करनी चाहिए।

HON. SPEAKER: It cannot happen something like that. Please take your seat.

Shri Subhash Chandra Baheria.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Let me complete the list now. I am sorry.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Nothing, except the statement of Shri Subhash Chandra Baheria, will go on record.

â€¦(Interruptions)â€¦ *

HON. SPEAKER: I have taken his name. This is not the way.

...(*Interruptions*)

SHRI JYOTIRADITYA M. SCINDIA: Madam Speaker, we are walking out.

12.51 hours

(At this stage, Shri Jyotiraditya M. Scindia and some other

hon. Members left the House.)